सार-समाचार

कोटपा एक्ट के तहत चालान काटे

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को सीकर शहर में कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन मे टीम ने बस डिपो,पिपराली रोड, बजाज रोड, जनाना अस्पताल के सामने 25 से अधिक दुकानो पर जांच की तथा कोटपा एक्ट के तहत चालान बनाये गये। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया की चिकित्सा विभाग की टीम ने सीकर शहर मे कोटपा एक्ट के तहत चालान कार्यवाही की और जिन दुकानदारो ने नाबालिगो को तम्बाकू उत्पाद बेचने सम्बन्धित सूचना प्रदर्शित नही कर रखी थी। उन दुकानदारों पर कोटपा अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की। दुकानदारों को तम्बाकू सम्बन्धित सभी नियमों का उचित रुप से पालन करने के निर्देश दिये गये। सभी दुकानदारों को चेतावनी बोर्ड आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिये गये। दुकानदारो को बताया गया कि कोई भी दुकानदार किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों को प्रदर्शित नही करे एवं आवश्यक रूप से बोर्ड लगाये तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद नही बेचे। कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय शर्मा द्वारा की गयी।टीम में शिवसिंह शेखावत साथ रहे।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बैठक ली

बीदासर (निसं)। ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थान दड़ीबा में मंगलवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन लाल गहनोलिया के नेतृत्व में ब्लॉक के समस्त निजी शिक्षण संस्थानों के संस्था प्रधानों की बैठक ली। बैठक में यू डाइस प्रभारी विरेंद्र यादव ने यू डाइस से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए सभी संस्थान प्रधानों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं के समाधान हेतु उनके प्रश्नों का जवाब दिया। यूसीईईओ कैलाश मेघवाल ने ईको क्लब में अति शीघ्र रजिस्ट्रेशन करवाने को सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया तत्पश्चात सीबीईओ गहनोलिया ने सभी संस्था प्रधानों को सभी कार्य समय पर करने को निर्देशित करते हुए कहा कि राजकीय और निजी विद्यालय एक दूसरे के पूरक है हम सभी को मिलकर कार्य करते हुए बीदासर ब्लॉक को रैंकिंग में श्रेष्ठ रखने का प्रयास करना है।

पौधारोपण किया

पाटन (निसं)। हरियालो राजस्थान'' अभियान के तहत आज एम.जी.जी.एस. हसामपुर के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य जे. पी. यादव के कुशल मार्गदर्शन में श्री नृसिंह ग्रामीण गौशाला, हसामपुर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हसामपुर के सरपंच प्रतिनिधि राकेश सिंह, गौशाला अध्यक्ष रोहिताश सिंह, बाबूलाल एवं महावीर प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय परिवार की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरक कदम बताया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पौधों की महत्ता पर विचार व्यक्त किए और संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल नियमित रूप से करेंगे। प्रधानाचार्य जे. पी. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारी प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है।

उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

सीकर, (निसं)। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने सोमवार को उप जिला अस्पताल अजीतगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर, लैबर रूम, जननी वॉर्ड, सामान्य वार्ड, एनबीएसयू, टीकाकरण कक्ष, कोल्ड चैन डिपो, डेटा एंट्री, दवा भंडार, ओपीडी, इमरजेंसी रूम, एक्स-रे और लैब की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दवाइयों के उचित संधारण, अस्पताल में छत की मरम्मत और रंगरोगन का कार्य और शौचालय को दुरूस्त करने के निर्देश पीएमओ डॉ अशोक कुमावत को दिए। इस पर पीएमओ डॉ अशोक कुमावत ने अवगत करवाया कि अस्पताल के मरम्मत और रंगरोगन कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से तकमीना बनवा लिया है और उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर बजट की मांग की गई है। साथ ही अस्पताल में अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जाएगा।

गुड टच एवं बेड टच की जानकारी दी

रतनगढ़ (निसं)। आरयूआईडीपी, अधिशाषी अभियन्ता आर. डी गर्ग के निर्देशन मे वार्ड नं 17 में किशोरी जागरुता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरयूआईडीपी जन सहभागिता इकाई के काजल सांखला व कविता स्वामी ने बालिकाओं को शारीरिक बदलाव के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि मासिक धर्म प्राकृतिक है इससे डरने की आवश्यकता नहीं है। मासिक धर्म के लक्षण व नेपकीन के प्रयोग व प्रयोग के बाद डिस्पोजल व व्यक्तिगत स्वच्छता बारे मे बताया गया। बालिकाओं को गुड टच व बेड टच के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे कृष्ण लाल, महिला प्रशिक्षु अन्नु, किरण सैन, सुमन सोनी, सीमा शर्मा, अन्थम झाझडा सहित बालिकाओं ने भाग लिया।

अरबन को-ऑपरेटिव बैंक संचालक मंडल के चुनाव चार को

सीकर (निसं)। सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड संचालक मंडल के चुनाव आगामी 4 अगस्त को कराए जाएंगे। बैंक निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि मंगलवार को नाम वापसी के पश्चात् महिला वर्ग से नीलिमा जोशी एवं अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) वर्ग में श्रवण कुमार मीणा निर्विरोध संचालक निर्वाचित घोषित किए गए हैं। राठौड ने जानकारी देते हुए बताया कि संचालक मंडल के शेष 9 पदों हेतु कुल 15 उम्मीदवार निर्वाचन लड़ने योग्य घोषित किए गए हैं। इनमें आठ सामान्य वर्ग एवं एक अनुसूचित जाति (एस.सी.) वर्ग से संचालकगण निर्वाचित होने हैं।

सुपरवाईजर एवं सुरक्षा जवान भर्ती आज से

सीकर (निसं)। जिला रोजगार अधिकारी राकेश चौधरी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सीकर में लीडर सिक्युरिटी प्रा. लि. जयपुर जयपुर द्वारा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा जवान की भर्ती प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति में 30 जुलाई 2025, धोद में 31 जुलाई, दांतारामगढ़ में एक अगस्त, खण्डेला में 4 अगस्त, नीमकाथाना में 5 अगस्त, फतेहपुर में 6 अगस्त, नेछवा, पिपराली में 7 अगस्त, पाटन, श्रीमाधोपुर में 8 अगस्त को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक सुपरवाईजर एवं सुरक्षा जवान की भर्ती आयोजित की जायेगी।

फांसी लगाकर आत्महत्या की

रतनगढ़ (निसं)। तहसील के गांव पडिहारा में फांसी लगाकर 45 वर्षीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने चाचा की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कोडाराम पुत्र नानूराम मेघवाल निवासी पड़िहारा ने रिपोर्ट दी कि 28 जुलाई की रात उसका 45 वर्षीय भतीजा पप्पुराम पुत्र केशाराम मेघवाल घर पर भोजन करके सोया गया था किसी समय उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पंचायत समिति धोद की बैठक आज

सीकर (निसं)। विकास अधिकारी पंचायत समिति धोद रश्मि मीणा ने बताया कि पंचायत समिति धोद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन 30 जुलाई 2025 को प्रातः12.15 बजे पंचायत समिति धोद सभागार में प्रधान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जायेगी।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -एफ.3/कृ.भू. / न.पा.रा./ 2025/998 दिनांकः 23/07/2025

आपति सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है कृषि भूमि क्षत्रो में निम्नलिखित भूखण्डों का नियमन आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर किया जाना है। अतः नीचे अंकित किये गये नामों/रकबों के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो अपनी आपति मय सबूत छाया दिनांक से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर नगरपालिका के कमरा नं. 01 में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमन कर पट्टा जारी कर दिया जायेगा। यदि उक्त सूची में दर्शाये गये क्षेत्र का पूर्व में नियमन कर पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। नगरपालिका किसी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगी। सूचित रहें।

क्र सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड सं.	साईज	भूखण्ड की प्रकृति	कालोनी का नाम	कालोनाईजर का नाम
1.	श्री कालूराम पुत्र श्री दुनीराम जाति जाट साकिन 4डीडब्ल्यूएम तहसील रावतसर	19	80×50	आवासीय	ग्रीन पार्क कालोनी 21-22 डीडब्ल्यूडी	स्वप्रेरित कार्यवाही
2.	श्री सोहनलाल पुत्र श्री खियाराम जाति जाट साकिन भैरूसरी	115	25×47'6"		पारीक कालोनी	

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति और संपर्क पोर्टल के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने साप्ताहिक समीक्षा की बैठक ली।

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने जर्जर विद्यालयों, आंगनबाडियों और अन्य सरकारी कार्यालयों को शत-प्रतिशत अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर परिषद द्वारा अग्रेषित ऋण स्वीकृति आवेदनों के माध्यम से अधिकतम जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने हेतु अग्रणी जिला प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी एवं आरएसआरडीसी को मानसून के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों, जैसे नेछवा, नानी की बीड, राधाकिशनपुरा अंडरपास और बगिया तिराहा, में स्थायी साइनेज बोर्ड लगाने, जल निकासी के लिए मड पंप स्थापित करने और क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। साथ ही, सीकर-सालासर रोड पर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए आरएसआरडीसी और पीडब्ल्यूडी को संयुक्त कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। भारी बारिश को देखते हुए सभी जलभराव वाले क्षेत्रों में साइनेज और अन्य सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एवीवीएनएल को बिजली लाइनों को नियमानुसार उचित ऊंचाई पर स्थानांतरित करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण) सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा की गई और चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर साइनेज व रंबल स्ट्रिप्स लगाने के निर्देश दिए गए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, संयुक्त निदेशक डीओआईटी सत्यनारायण चौहान, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, पीडब्ल्यूडी के जेपी यादव, जलदाय विभाग के आरके राठी, आरटीओ वीरेंद्र सिंह राठौड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नंदेश्वर महादेव मन्दिर में बर्फ से शिवलिंग का श्रृंगार किया



नंदेश्वर महादेव मन्दिर में बर्फ का शिवलिंग बनाकर विशेष पूजा-अर्चना कर आरती की गई।

चूरू (निसं)। शास्त्री मार्केट के पास स्थित नंदेश्वर महादेव मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार को बर्फ का शिवलिंग बनाकर विशेष पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इससे पूर्व मंदिर परिसर का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया।

इस दौरान भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें सांवरमल एण्ड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को देर रात तक बांधे रखा। इस अवसर पर सुरेन्द्रसिंह चौहान, श्रीप्रकाश राजोतिया, वेदप्रकाश राजोतिया, महावीर प्रसाद पंचारिया, दलीपसिंह चौहान, रविन्द्र सिंह चौहान, लक्ष्मीनारायण शर्मा, राजकुमार पंचारिया, रमाकान्त जांगिड, हरिप्रसाद जांगिड़, सुरेश औझा, चिरंजीलाल सोनी, महेश कुमार उपाध्याय, विजयकुमार शर्मा, पवन कुमार जांगिड़, एडवोकेट प्रद्युमन सिंह चौहान, सुभम स्वामी, कालू स्वामी, बबलू स्वामी, हेमेन्द्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

हेपेटाइटिस का टीका लगवाया

सीकर (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत चिकित्सा संस्थानों में आमजन को हेपेटाइटिस के बारे में जानकारी दी गई। वहीं चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों ने हेपेटाइटिस से बचाव के लिए टीका लगवाया।

सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं देने वाले चिकित्सक, नर्सिंग स्टॉफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाया गया। यह टीकाकरण चरणबद्ध रूप से चलेगा। प्रत्येक चिकित्सा कर्मी को हेपेटाइटिस-बी की तीन डोज लगाई जाएगी।

आरसीएचओ डॉ विशाल सिंह ने बताया कि यह टीकाकरण स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। हेपेटाइटिस बी एक संक्रामक रोग है, जो सुई चुभने से, संक्रमित रक्त या अन्य शरीर द्रव्यों के संपर्क में आने से फैलता है। चूंकि स्वास्थ्य कर्मी इस खतरे से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं। इसलिए यह टीकाकरण उनकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। चिकित्सा कर्मियों को अभियान के तहत तीन खुराकें निर्धारित समय पर दी जाएगी।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के पर सोमवार को श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज में स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन जैसी कई गतिविधियां की गई। नोडल अधिकारी डॉ अनिल रणवां ने जीएनएम नर्सिंग विद्यार्थियों व स्टॉफ को हेपेटाइटिस की जानकारी दी।

इस दौरान एसके अस्पताल के अधीक्षक डॉ केके अग्रवाल, डॉ कैलाश जाट, माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट नीतु रानी, नर्सिंग कॉलेज के निरंजन आदि मौजूद रहे। विद्यार्थियों को इसके लक्षण, रोकथाम, परीक्षण व उपचार की भी जानकारी दी जाएगी।

कुलगुरु प्रो. अनिल राय ने शेखावाटी विवि के नवाचार बताए

सीकर (निसं)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से केरल में आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक में शिक्षा में भारतीयता, नीति निर्माण और ज्ञान परंपरा पर शिक्षाविदों ने गहन मंथन किया। बैठक का आयोजन आदि शंकराचार्य की जन्मभूमि आदि शंकरा निलयन, कोच्चि केरल में किया गया। इसके बाद 28 जुलाई को कोच्चि केरल स्थित अमृता विश्व विद्यापीठम में ''विकसित भारत के लिए शिक्षा'' विषय पर विशाल ज्ञान सभा हुई।

ज्ञान सभा के एक सत्र का संचालन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने किया। इस अवसर पर आरएसएस प्रमुख सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, डॉ. अतुल कोठारी, डॉ.पंकज मित्तल आदि मंच पर मौजूद थे। कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने शेखावाटी विश्वविद्यालय में किए जा रहे नवाचारों और भावी योजनाओं की जानकारी देशभर से पधारे कुलपतियों और प्रबुद्धजनों को दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में शेखावाटी विवि में किए जा रहे सकारात्मक नव प्रयोगों का उल्लेख किया। कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए टास्क फोर्स का गठित की गई, जिससे संपूर्ण यूजी और पीजी में एक साथ एनईपी लागू हो पाई। इसके माध्यम से चरित्र निर्माण-व्यक्तित्व विकास और कौशल से जुड़े पाठ्यक्रम पर जोर दिया गया। इसी तरह विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय एक अभिनव पहल वृद्ध वरदान योजना शुरू कर रहा है। इस योजना में शमिल होने वाले विद्यार्थियों को दो अकादमिक क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे।

श्रीनाथ नगर गौशाला में इंटरलॉक सड़क का उद्घाटन किया

कस्बे की श्रीनाथ नगर गोशाला में जुगलकिशोर श्रीमाल परिवार के सहयोग से नव निर्मित इंटरलॉक सड़क का उद्घाटन किया गया।

राजलदेसर (निसं)। कस्बे की श्रीनाथ नगर गोशाला में जुगलकिशोर श्रीमाल परिवार के सहयोग से नव निर्मित इंटरलॉक सड़क का उद्घाटन मंगलवार देर शाम को किया गया। पांच लाख की लागत से इंटरलॉक सड़क बनने से गोशाला परिसर में आवागमन में सुविधा हुई है। पं. उमाशंकर दाधीच ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करवाई।

कार्यक्रम में जुगलकिशोर श्रीमाल, शांतिदेवी, करण श्रीमाल, हेतल श्रीमाल परिवार का साफा, माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर गोशाला समिति के सदस्यो ने भामाशाह परिवार के इस पुण्य कार्य की सराहना की। गोशाला के पूर्व मंत्री पवन बोथरा ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से न केवल सुविधाएं बढ़ती हैं, बल्कि समाज में सेवा भावना को भी प्रोत्साहन मिलता है। श्रीमाल परिवार का यह योगदान अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इससे पूर्व श्रीमाल परिवार ने गौशाला में गौ आवास गृह का निर्माण भी कराया था एवं बागेश्वर बालाजी धाम की प्रेरणा से 200 गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग भी प्रदान किया।

इस अवसर पर गोशाला कार्यकारी अध्यक्ष बजरंगलाल भाटिया, मंत्री भागीरथ पारीक, बालाजी धाम श्रीगंगानगर पुजारी राधेश्याम पांडे, राजकुमार बिनायकीया, खेमचंद बरडीया, पूनमचंद गर्ग, सहमंत्री पवन शर्मा, लालचंद पांडे, शंकर खडोलिया, दीनदयाल स्वामी, विनोद सैनी, कमल दाधीच, इंद्राज पांडे, पवन मारू, पूनमचंद सुथार, सीताराम गर्ग, प्रमोद नाई, मूलचंद सोनी रमेश पांडे ,शांति देवी, राजेंद्र शर्मा, मदन लाल शर्मा राजपुरोहित सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सार-समाचार

विकास कार्यों का लोकार्पण किया

सादुलपुर, (निसं)। जाहरवीर गोगापीर की जन्म स्थली ददरेवा में मंगलवार को ददरेवा सरपंच जाहिद कुरैशी की ओर से करवाए गए 4 करोड के विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व लोकसभा प्रत्याशी रहे पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने 4 करोड रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। शाम चार बजे दी जानकारी के अनुसार इस मौके पर राजेंद्र राठौड और देवेन्द्र झाझडिया का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर राजेंद्र राठौड ने कहा कि एक साल के अन्दर जो सरपंच जाहिद कुरैशी ने इतिहास रचा है ऐसे विकास के कार्य गांव में चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार हर वर्ग की चिंता कर रही हैं। इस ददरेवा की धरती पर विकास का इतिहास लिखा जाएगा। राजस्थान सरकार द्वारा अगले बजट में ददरेवा में 15 करोड खर्च किए जाएंगे तथा ददरेवा को आगे बढाने में पूरी कोशिश करेंगे। पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने कहा कि आज ददरेवा की ऐतिहासिक भूमि पर आने का मौका मिला, इसलिए आज हम भाग्यशाली हैं कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड जैसे नेता हमारे चूरु जिले के हैं। आज ये चार करोड की लागत से उद्घाटन हुए है ये राजेंद्र राठौड की अनुशंसा पर हुआ है और ऐतिहासिक काम है। उन्होंने कहा हम सब को मिलकर ददरेवा गांव को प्लास्टिक मुक्त करना है। झाझडिया ने कहा कि आज में इस ऐतिहासिक जगह पर आया हूं तो में भगवान से यही प्रार्थना करता हूं कि किसानों की फसल अच्छी हो। ददरेवा सरपंच जाहिद कुरेशी ने कहा कि ददरेवा गांव के विकास में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठोड के किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जायेगी।

सी.एम. को ज्ञापन भेजा

सादुलपुर, (निसं)। झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र के रा.उ.प्रा. विद्यालय पिपलोदी में विद्यालय भवन की छत गिरने से हुई हृदय विदारक दुर्घटना को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ ने पांच सूत्री माँगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी राजगढ के मार्फत ज्ञापन भेजा गया। इसी दौरान उक्त तहसीलदार राजगढ धीरज झाझडियां को सौंपा गया। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) ने दिये ज्ञापन में माँग की है कि पिपलोदी विद्यालय दुखांतिका पर संघ गहरी संवेदना व्यक्त करता है तथा ज्ञापन प्रेषित कर हादसे में मृतक विद्यार्थियों के परिजनों को 1-1 करोड रूपये तथा घायलों को समुचित आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए एवं परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाने, शिक्षकों पर एक तरफा निलम्बन कार्यवाही ना की जाकर, घटना की न्यायिक जांच करवाते हुए लापरवाही बरतने वाले दोषी अधिकारियों/भवन निर्माण संस्थाओं के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाने, प्रदेश भर के सभी राजकीय विद्यालय भवनों की सुरक्षा की जांच करवाई जाए और भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र सार्वजनिक निर्माण विभाग के तकनिकी अधिकारियों द्वारा जारी करवाया जाने, विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त कक्षा-कक्षों का निर्माण सुनिश्चित जाने, शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राज्य के बजट का न्यूनतम 6 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र में खर्च किया जाने की माँगे की गई है।

मानसिक बीमार युवक ने आत्महत्या की

सादुलपुर, (निसं)। मानसिक रूप से बीमार एक युवक ने पेड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान 44 वर्षीय राकेश कुमार निवासी वार्ड सात सादुलपुर के रूप में हुई है। मंगलवार दोपहर साढे बजे के करीब इस संबंध में थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि वार्ड नम्बर 7 निवासी राजेश कुमार ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका छोटा भाई राकेश कुमार पिछले कई वर्षो से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था और उसका इलाज बीकानेर के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा था। सोमवार शाम लगभग 7.3० बजे जब राकेश घर से निकला और हिसार हाईवे के नजदीक निजी कॉलेज के पीछे रोही क्षेत्र में एक पेड से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में मंगलवार को उसका शव पेड से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलने पर राजगढ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मंगलवार को पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उषा प्रजापत को पीएचडी की उपाधि

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस शहर ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत सिद्धमुख की पुत्री उषा प्रजापत को पीएचडी की उपाधि मिली है। वहीं उषा प्रजापत को पीएचडी की उपाधि मिलने पर सिद्धमुख क्षेत्र एवं प्रजापत समाज में खुशी की लहर है। जेजेटी यूनिर्विसिटी झुन्झुनूं के रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार ने चूरू जिले की किशोर बालिकाओं में पोषण संबन्धि ज्ञान का आहार व स्वास्थ्य स्थिति पर प्रभाव का अध्ययन के चलते उषा प्रजापत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। गौरतलब है कि उषा प्रजापत ने बीए चौधरी एमएस टांडी मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज सिद्धमुख, चूरू, बीएड चौधरी बीएड कॉलेज सादुलपुर, एमएससी होम साईस एकेडीएल गवर्मेंट गर्ल्स कॉलेज रतनगढ, चूरू तथा पीएचडी होम साईस श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबडेवाला युनिवर्सिटी चूरू रोड विद्यानगरी चूडेला झुन्झुनू से की है।

डॉ. प्रीती बसेर सहायक प्रोफेसर बनी

सादुलपुर, (निसं)। चूरू जिले की राजगढ़ तहसील के गांव मिठी रेडू की बेटी डॉ प्रीती बसेर पुत्री डॉ फूल सिंह बसेर का चयन सहायक प्रोफेसर (ए.पी.)में हुआ है। जिसको लेकर पूरे मिठी रेडू गांव में खुशी की लहर है। मंगलवार दोपहर दो बजे दी जानकारी में प्रीती बसेर के भाई प्रशांत ने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षा गांव मिठी रेडू व बीआरजेडी भोरूग्राम में हुई। उसके बाद यूजी कृषि विश्वविद्यालय अकोला (महाराष्ट्र), पीजी (मास्टर डिग्री) इलाहबाद, पीएचडी जेन्टीक एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग में उदयपुर से उतीर्ण की। प्रीती बसेर को कृषि विश्वविद्यालय कोटा में चयन हुआ है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.08.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700011256, 1521, 135110730029559, 9587, 9885, 135110780000075, सरदार शहर, 135720700010543, 0655, 0736, 0765, 135720730027240, 7324, 7326, 7338, सुजानगढ, 135090700015074, 5178, 5180, 5315, 5440, 5461, 5496, 5514, 135090730057085, 7093, 7212, 8501, हनुमानगढ, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700059067, 9220, 9237, 9238, 9309, 117270730042151, 2543, 2546, 2800, 3085, 3262, 3667, 3673, 4068, 4186, 4217, 4219, 4239, 4278, 4280, 4366, 4528, 4676, 4680, बस स्टैंड गेट हनुमानगढ़, 117320700029911, 117320730021327, 1409, 1421, 1452, 1471, 1518, 1525, 1536, नोहर राजस्थान, 135640700028596, 8691, 8834, 9048, 135640730052998, 3768, 4412, 4473, 4549, 4591, 4606, 4614, 4624, 4723, 4746, 4803, पिलीबंगन, 135180700033459, 3652, 3700, 3859, 3867, 3905, 3911, 3920, 135180730029634, 9678, 135180730030091, 0109, 0245, 0420, 0557, 0611, नागपुर , लाडनूं, 137990700002869, 137990730020786, 0795, 0803, 0820, 0821, 0823, 0826, 0827, 1323, मकराना, 138030700004119, 138030730043020, 3053, 3135, तहसील चौक, 115510700021370, 1432, 115510730024881, 6105, विजय वल्लभ चौक नागौर, 138430730010595, 0974, 0992, 1021, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700010913, 1087, 135520730065489, 5655, 5733, 6537, 6540, 6543, 6544, 6545, 6617, 6667, 6668, 6682, 6688, 6701, 6736, 6740, 6782, 6841, 6862, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700045370, 5429, 5539, 5544, 5717, 5721, 5744, 5749, 5787, 5803, 5810, 111830730087401, 8619, 8661, 8662, 8786, 8787, 8788, 8833, 8850, 8924, 8989, 9013, फतेहपुर राजस्थान, 135330700012412, 2514, 2521, 135330730036264, 6476, 6646, 6648, 6651, 6668, 6669, 6675, 6694, 6712, 6713, 6737, 6739, 6740, 6757, 6770, 6777,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.